रमेश कुमार बनाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर जालोर प्रकरण संख्या 11/19

21.02.2019

अपीलांट अनुपस्थित व राज्य लोक सूचना अधिकारी उपस्थित। राज्य लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) जालोर का जवाब प्राप्त हुआ।

राज्य लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) जालोर ने कथन किया कि आवेदित सूचना बाबत अपीलांट का आवेदन पत्र उपखंड अधिकारी भीनमाल के जरिये पत्रांक 86 दिनांक 11.01.2019 अन्तरित होकर प्राप्त हुआ। आवेदित सूचना के संदर्भ में अपीलांट को जरिए पत्रांक/49 दिनांक 29.01.2019 द्वारा प्रत्युतर प्रेषित किया गया है अत:अपीलांट की अपील अस्वीकार की जावे।

हमने राज्य लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) जालोर के द्वारा प्रस्तुत जवाब व कथन पर मनन किया। अपीलांट द्वारा पोस्टल आर्डर संख्या 35 एफ 869498 के संलग्न अपने आवेदन पत्र दिनांक 9. 01.2019 जो कि रेस्पोडेन्ट सहायक लोक सूचना अधिकारी (उपखंड अधिकारी) भीनमाल के जरिये पत्रांक 86 दिनांक 11.01.2019 अन्तरित होकर इस कार्यालय में 11.1.2019 को प्राप्त होना अवगत करवाया है, अपील द्वारा चाही सूचना बाबत अपीलांट को जरिए पत्रांक/49 दिनांक 29. 01.2019 द्वारा भिजवाया जाना पाया जाता है। इस प्रकार प्रकरण में कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपीलांट की अपील खारिज की जाती है।

अपीलांट को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि वह इस निर्णय से असंतुष्ट है तो इस आदेश के विरूद्ध द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग जयपुर के समक्ष की जा सकती है।

Sd/-

प्रथम अपीलीय अधिकारी
(जिला कलेक्टर)
जालोर

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahendra Soni
Date: 2019.12.12 17:51:03 IST
Reason: SelfAttested